स्वच्छ पेजयल के लिए पानी टंकी के अंतिम छोर के पानी लिया जाएगा सेंपल

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने अब हर पानी टंकी के अंतिम छोर तक पहुंचने वाले पानी का सेंपल लेकर जांच किया जाएगा। पेयजल के लिए पाईपलाइन में समस्या, सप्लाई या किसी प्रकार की शिकायत आने पर तत्काल टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने उप अभियंताओं को दिए। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पानी का कम दबाव वाले जिन क्षेत्रों में पाईपलाइन वितरण जारी है उसे शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल तथा जलप्रदाय व्यवस्था को दुरूस्त बनाने के लिए निर्देश दिए है ताकि पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार समस्या न आए। 77 जल शोधन संयंत्र में जलकार्य विभाग के अभियंताओं के साथ मुख्य अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने बैठक लेकर जलप्रदाय वाले पाईपलाइन में टूट फूट या लिकेज होने पर तत्काल संधारण कार्य कराने कहा गया। सार्वजनिक नल व हैण्ड पम्पों के के आस पास पर्याप्त सफाई कराने , हैण्ड पम्पों के जल को कीटाणु रहित करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का घोल या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालने जैसे सभी आवश्यक कार्य करने कहा गया। कार्यपालन अभियतंा संजय शर्मा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे इसके लिए भिलाई निगम के मुख्य अभियंता श्री सिंह ने जलकार्य के उप अभियंताओं की बैठक लिए जिसमें प्रतिदिन पानी टंकी के अंतिम छोर तक जाने वाले 3 स्थानों से पानी का सेंपल लेकर सतत रूप से निगम के आधुनिक लैब में जांच करने कहा गया ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे। किसी भी क्षेत्र में पाईपलाइन के कारण पेयजल में समस्या आने पर प्रभावित होने वाले क्षेत्र में मुनादी कराया जाए। जिन क्षेत्रों में पानी का दबाव कम है वहां बिछाई जा रही पाईपलाइन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। बैठक में सभी जोन के जलकार्य विभाग के उप अभियंता उपस्थित थे।